सार-समाचार

गजानंद लाटा राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष बने

नीमकाथाना (निसं)। भगवान परशुराम राष्ट्रीय पंडित परिषद ट्रस्ट द्वारा संगठन विस्तार के तहत नई नियुक्तियों की घोषणा की गई है। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार एवं संरक्षक मंडल व निर्णायक मंडल की सहमति से सिरोही निवासी सेवानिवृत्त तहसीलदार पंडित गजानंद लाटा को राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है।इसी क्रम में अशोक शर्मा को राजस्थान प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया, वहीं महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय प्रभारी के रूप में ज्योति पुजार को नियुक्त किया गया है। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक का कार्यकाल प्रदान करते हुए संगठन के विस्तार में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा की गई है।संस्था के राष्ट्रीय महासचिव आचार्य पंडित ओपी शास्त्री ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।पंडित गजानंद लाटा की नियुक्ति पर नीमकाथाना सहित विप्र समाज में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर जे पी लोढा, मुंशी कैलाश शर्मा, प्राचार्य पवन शर्मा, मनोज गौड, पवन काका, विमल भारद्वाज, डॉ. मुकेश शर्मा, अशोक पंडा, भास्कर शर्मा, नाथूलाल शर्मा सहित समाज के अनेक लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

जनरल सगत सिंह की मूर्ति अनावरण को लेकर भाजपा नेताओं का दौरा आज से

राजलदेसर (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड के जन्मोत्सव को लेकर चूरू जिला मुख्यालय पर 22 अप्रैल को वीर नायक लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह की मूर्ति का अनावरण किया जाएगा जिसको लेकर आज भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता भाजपा जिला उपाध्यक्ष भागीरथ सिंह राठौड, सरपंच प्रतिनिधि पवन सिंह कुसुमदेसर, भाजपा के पूर्व जिला प्रवक्ता गिरधारी सिंह राठौड, भरपालसर सरपंच दातारसिंह , करणी सेना के प्रदेशउपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड सहित अनेको भाजपा नेता आज ग्राम पंचायत पायली, भरपालसर, आबडसर, छाजूसर,बंडवा, बिनादेसर, लाछडसर , परसनेऊ, आलसर बास प्रेमनगर, ढढेरु, जेगनिया, दस्सुसर आदि ग्रामीण क्षेत्र का दौरा करेंगे एवं इस भव्य कार्यक्रम में अधिक से अधिक ग्रामीण अंचल के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में चूरू पहुंचने का आ ान करेंगे । इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड आदि राजस्थान के भाजपा के मंत्रीगण एवं विधायक गण कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां चल रही है

ग्रीष्मावकाश में कटौती के विरोध में शिक्षकों का ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी

पाटन (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम उपशाखा पाटन की ओर से बुधवार, 8 अप्रैल 2026 को शिक्षकों के ग्रीष्मावकाश में 10 दिन की कटौती एवं प्रधानाध्यापक द्वारा घोषित अवकाश में एक दिवस की कटौती के विरोध में तहसीलदार महोदय को मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा गया।ब्लॉक अध्यक्ष पप्पू राम सैनी (शारीरिक शिक्षक) ने बताया कि अवकाश में की गई कटौती से शिक्षकों में भारी रोष व्याप्त है। साथ ही, शिक्षकों को इससे संबंधित विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड रहा है। उन्होंने मांग की कि सरकार शीघ्र इस निर्णय पर पुनर्विचार कर समस्याओं का समाधान करे। सैनी ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का जल्द निराकरण नहीं किया गया तो शिक्षक मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। उन्होंने बताया कि 20 अप्रैल को जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर विरोध दर्ज कराया जाएगा तथा 18 मई को शिक्षा मंत्री के विधानसभा क्षेत्र रामगंज मंडी में रैली आयोजित की जाएगी।इस दौरान संगठन के मंत्री यादराम यादव, हरिनारायण सैनी, मूलाराम, ख्यालीराम, लालचंद सहित समस्त कार्यकारिणी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष चौहान का स्वागत

चूरू (निसं)। मंगलवार को सम्पन्न हुए नगरपालिका कर्मचारी फेडरेशन के चुनावों में चूरू जिलाध्यक्ष पद पर रतन नगर नगरपालिका के वरिष्ठ सहायक मनोहर सिंह चौहान के निर्वाचित होने पर बुधवार को नगर पालिका रतन नगरमें पालिका के अधिकारियों, कर्मचारियों व जनप्रतिनिधियों ने उनका मिठाई खिलाकर व माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष चौहान ने कहा कि शीघ्र ही जिले का दौरा कर कर्मचारियों की समस्या सुनकर उनके समाधान के प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि सभी साथियों से चर्चा कर जिला कार्यकारी व तहसील अध्यक्षों की नियुक्ति की जायेगी। इस अवसर पर उन्होंने सभी कर्मचारियों से सहयोग की उम्मीद जताई। इस दौरान कनिष्ठ अभियंता मुकेश कुमार, कनिष्ठ सहायक शंकरलाल पुनिया, राजाराम यादव, अमित कुदाल, चिरंजीव सैनी, ऑपरेटर आशुतोष उपाध्याय, श्यामसुंदर शर्मा, विकास भाटिया, पूर्व पार्षद शाबिर अली व सुरेश गहलोत सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

श्रीराम विद्यालय का 34वां वार्षिकोत्सव कल

राजलदेसर (निसं)। कस्बे की निजी शिक्षण संस्थान श्री राम उच्च माध्यमिक विद्यालय का 34वा वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 10 अप्रैल को प्रात: 10 धूमधाम से मनाया जाएगा । विद्यालय के प्रधानाचार्य भुवनेश्वर शर्मा ने बताया कार्यक्रम के अध्यक्ष शिक्षाविद दुर्गा दत्त दाधीच, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तहसीलदार हरदीप सिंह, थाना प्रभारी सुरेंद्र बारूपाल, राजकीय सीनियर उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य अंजू खेड़ीवाल, पीएम श्री विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहन सिंह राठौड़, समाजसेवी नरेंद्र बैंद, विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता हेमराज बेरवा, समाजसेवी पवन झेडू आदि उपस्थित रहेंगे कार्यक्रम को लेकर तैयारियां विद्यालय परिसर में जोर-शोर से चल रही है ।

हत्या के आरोपी को जेल भेजा

बीदासर (निस)कस्बे के सीकर नोखा स्टेट हाइवे 20 स्थित द रायल ट्रीट रेस्टोरेंट एंड होटल के संचालक मुन्नी राम मंडा की 2 मार्च होली की रात की गई निर्मम हत्या के आरोप में पीसी रिमांड पर चल रहे मुख्य शूटर धनाराम उर्फ दानाराम जाट निवासी मोमासर तहसील श्री डूंगरगढ़ को रिमांड अवधी पूरी होने पर बीदासर न्यायालय में पेश करने पर न्यायालय ने जेल भेजने के आदेश दिए है। थानाधिकारी दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि मुख्य शूटर धनाराम उर्फ दानाराम से पीसी रिमांड अवधी के दौरान मुन्नी राम की गई हत्या में काम में ली गई देशी पिस्टल, घटना के समय पहने हुए कपडे व एक कैंपर गाडी को बरामद किया है।

ओलावृष्टि और तूफान से फसल तबाह, उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

नोहर, (निसं)। तहसील के गांव सोनड़ी में हुई भीषण अतिवृष्टि और तेज तूफान ने किसानों की कमर तोड़कर रख दी है। मंगलवार को आई इस प्राकृतिक आपदा के कारण खेतों में खड़ी और कटी हुई रबी की फसलें-गेहूं, सरसों और चना-पूरी तरह नष्ट हो गई हैं।

बुधवार को गांव के बड़ी संख्या में प्रभावित किसानों ने तहसील कार्यालय पहुँचकर उपखंड अधिकारी नोहर के नाम ज्ञापन सौंपा और मुआवजे की मांग की। किसानों ने बताया कि रबी 2026 की फसलें पककर तैयार थीं और अधिकांश खेतों में कटाई का काम चल रहा था।

अचानक आए तूफान और ओलावृष्टि से कटी हुई फसलें भी भीगकर खराब हो गई हैं। किसानों का कहना है कि अगर यह आपदा न आती तो इस बार पैदावार अच्छी होने की उम्मीद थी, लेकिन अब उनके सामने भारी आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने बताया कि पटवार हल्का सोनड़ी में

किसानों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

तत्काल विशेष गिरदावरी के आदेश दिए जाएं ताकि नुकसान का सही आकलन हो सके।

साथ में राजस्व विभाग और बीमा कंपनी के माध्यम से किसानों को हुए आर्थिक नुकसान की जल्द से जल्द भरपाई की जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान विजयपाल देहड़ू, मांगीलाल देहड़ू, अमरजीत सिंह, चिमनाराम, सोहनलाल, अनिल कुमार, राजेश, शमशेर खां, पवन सहित ग्राम सोनड़ी के दर्जनों प्रभावित काश्तकार मौजूद थे। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही गिरदावरी की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई, तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

सम्मान के नाम पर चयन में भेदभाव के आरोप, सामाजिक मंच पर राजनीतिक छाया गहराई

- **प्रतिशत की दीवार पर टंगा 'गौरव' 90 प्रतिशत से नीचे वालों की प्रतिभा बेकार**

झुंझुनूं (निसं)। जानकारी के अनुसार ब्राह्मण समाज के बैनर तले आयोजित होने जा रहे ब्राह्मण गौरव सम्मान समारोह ने शुरू होने से पहले ही कई गंभीर सवाल खडे कर दिए हैं ? 12 अप्रैल को पीरू सिंह सर्किल स्थित खजाना रेस्टोरेंट सभागार में प्रस्तावित इस कार्यक्रम में केवल उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हासिल किए हैं। अब सवाल यह है-क्या 89 या उससे कम अंक लाने वाले छात्र प्रतिभाशाली नहीं हैं? क्या उनका संघर्ष, उनकी मेहनत और उनकी उपलब्धियां इस मंच के लिए कोई मायने नहीं रखतीं?

समारोह का दावा है कि यह मेधावी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करेगा, लेकिन जमीनी हकीकत यह इशारा कर रही है कि यहां प्रतिभा का मूल्यांकन सिर्फ अंकों के तराजू पर किया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में विविध प्रतिभाएं-खेल, कला, सांस्कृतिक गतिविधियां या विपरीत परिस्थितियों में हासिल की गई सफलता-इन सबको पूरी तरह नजरअंदाज किया जा रहा है। यह आयोजन कहीं न कहीं प्रतिशत की राजनीति का प्रतीक बनता नजर आ रहा है, जहां आंकडों के आगे असली प्रतिभा दम तोडती दिख रही है।

सूत्रो के अनुसार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच की मौजूदगी भी चर्चा का विषय बनी हुई है। बगड निवासी दाधीच का झुंझुनूं में लगातार सक्रिय रहना और हर सामाजिक कार्यक्रम में उनकी भागीदारी को अब राजनीतिक नजरिए से भी देखा जा रहा है। स्थानीय चर्चाओं में यह भी तर्क दिया जा रहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए यह सामाजिक कार्यक्रम कहीं न कहीं राजनीतिक जमीन मजबूत करने का माध्यम बनता जा रहा है। सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या सामाजिक सम्मान समारोह अब राजनीतिक मंच बनते जा रहे हैं?

शिक्षा अधिकारी की भूमिका भी कटघरे में:- सूत्रो की माने तो कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी को आमंत्रित किया गया है। लेकिन विडंबना यह है कि जिस मंच से वे विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगे, उसी मंच पर 90 से कम अंक लाने वाले विद्यार्थियों को पूरी तरह बाहर कर दिया गया है।

फाउंडेशन के सदस्यों ने अब तक 43 आवेदन मिलने की जानकारी दी है। लेकिन आमजन के बीच चर्चा का विषय यह है कि- क्या यह चयन प्रक्रिया पारदर्शी है?

क्या समाज के सभी वर्गों की प्रतिभाओं को समान अवसर दिया जा रहा है। या फिर यह सिर्फ उच्च प्रतिशत वालों का सीमित दायरा बनकर रह गया है। आखिर समाज क्या संदेश देना चाहता है। यह आयोजन समाज के सामने एक बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है- क्या हम आने वाली पीढ़ी को यह सिखा रहे हैं कि इंसान की कीमत सिर्फ उसके अंकों से तय होती है? अगर ऐसा है, तो यह न केवल अन्यायपूर्ण है बल्कि समाज के हजारों मेहनती और संघर्षशील विद्यार्थियों के मनोबल को तोड़ने वाला भी है। जानकारी के अनुसार ब्राह्मण गौरव सम्मान समारोह का उद्देश्य भले ही प्रतिभाओं को सम्मानित करना बताया जा रहा हो, लेकिन मौजूदा स्वरूप में यह आयोजन भेदभाव, संकीर्ण सोच और राजनीतिक छाया के आरोपों से घिरता नजर आ रहा है। अब देखना यह है कि आयोजक इन सवालों का जवाब देते हैं या फिर यह कार्यक्रम भी प्रतिशत की चमक में असली प्रतिभा को नजरअंदाज करने का एक और उदाहरण बनकर रह जाएगा?

अपहृत बालक को दस्तयाब किया

खेतड़ी (निसं)। खेतडी पुलिस ने देर शाम को निजामपुर मोड से अपहृत किए गए बालक को सकुशल बरामद कर लिया। इस दौरान पुलिस ने वारदात में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मोहनलाल ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दी कि उसका लडका उसके पड़ौसी के साथ रोजाना वेटनरी कम्पाउण्डर की प्रक्टिस करने जाता है, जो रोजाना की तरह घर से पड़ौसी के साथ काम पर गया था। इस दौरान पडोसी ने 3 बजे फोन पर सूचना दी कि आपके लड़के को एक काले रंग की स्वीफ्ट डिजायर गाडी मे ओमबीर सैनी, विकास, नीरज जोगी, हिमांशु कालिया चारों मिलकर गैस एजेन्सी के सामने खेतडी रोड से जबरदस्ती मारपीट कर गाडी मे डाल कर ले गए। जिसकी निजामपुर मोड व आस पास काफी तलाश किया परन्तु कहीं पर भी नही मिला। पुलिस ने मामले को गम्भीरता को लेते हुये अपहृत बालक की तलाश हेतु टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा तकनिकी व मानवीय आसूचना की मदद से अपहृत बालक को सकुशल दस्तयाब किया गया।

हनुमानगढ़ जंक्शन कृषि उपज मंडी में गेहूं खरीद का शुभारंभ

- **2735 रुपए प्रति क्विंटल मिलेगा भाव**
- **जिला कलेक्टर ने दिए गुणवत्ता जांच में तेजी लाने के निर्देश**
- **तुलाई तिथि छूटने पर भी किसान उसी अगले सप्ताह बेच सकेंगे फसल**

हनुमानगढ़, (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव ने बुधवार को हनुमानगढ़ जंक्शन स्थित कृषि उपज मंडी में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद का शुभारंभ किया। मक्कासर निवासी कृषक श्री पुरुषोतम लाल शर्मा की गेहूं ढेरी का फर्म जुगल किशोर प्रेम रतन की आढ़त में विक्रय से खरीद प्रक्रिया की शुरुआत हुई।

मौके पर मॉइश्चर मीटर से जांच में नमी 11.75 प्रतिशत पाई गई, जो निर्धारित 12 प्रतिशत सीमा से कम होने के कारण गुणवत्ता मानकों के अनुरूप रही और ढेरी से खरीद शुरू की गई। तिलम संघ द्वारा खरीद का श्रीगणेश किया गया, जबकि मंडी में एफसीआई व आरएसएफसीएससी सहित अन्य एजेंसियां भी खरीद करेंगी। जिला कलेक्टर ने मंडी यार्ड के प्लेटफॉर्म 1 व 2 का निरीक्षण कर किसानों व व्यापारियों से चर्चा की और सभी एजेंसियों को निर्देश दिए कि मंडी में गेहूं पहुंचते ही त्वरित गुणवत्ता जांच कर खरीद प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने ढेरीवार गुणवत्ता परीक्षण की सूची तैयार करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान व्यापारियों द्वारा बारिश के कारण गुणवत्ता में आई कमी को देखते हुए छूट देने का आग्रह किया, जिस पर जिला कलेक्टर ने बताया कि गुणवत्ता मानकों में राहत के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजा जा चुका है और शीघ्र निर्णय की संभावना है।

उन्होंने बताया कि आरएमएस 2026-27 के तहत अगर कोई किसान तुलाई तिथि पर नहीं पहुंच पाता है, तो वह उसी या अगले सप्ताह किसी भी दिन अपनी फसल लेकर आ सकता है, हालांकि उसकी तुलाई दोपहर 3 बजे के बाद की जाएगी। राज्य सरकार द्वारा एमएसपी पर 150 रुपए प्रति क्विंटल बोनस घोषित किए जाने से किसानों को कुल 2735 रुपए प्रति क्विंटल का भुगतान मिलेगा।

इस अवसर पर व्यापार संघ अध्यक्ष पदम जैन, व्यापार मंडल अध्यक्ष धर्मवीर जिंदल, फूडग्रेन व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेंद्र गर्ग सहित बडी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे। साथ ही कृषि विपणन उपनिदेशक एवं मंडी सचिव विष्णुदत्त शर्मा, अतिरिक्त सचिव विनिता लोहमरोड, लेखाधिकारी मांगीलाल शर्मा, पर्यवेक्षक आशाराम, एफसीआई के निशांत तथा आरएसएफसीएससी के हनुमान प्रसाद सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

सार-समाचार

शिविर में 278 यूनिट रक्तदान हुआ

सीकर (निसं)। महात्मा ज्योतिबा राव फुले व बाबासाहेब डॉ. बी. आर. अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष में सी.आर. मैना मैरिज गार्डन रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी अशोक वर्मा, जितेन्द्र देवठिया ने बताया कि रक्तदान शिविर का शुभारम्भ विजययपाल खीचड, रामलाल सैनी, सज्जन सैनी ने ज्योतिबा फुले एवं बाबासाहेब डॉ. अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए किया गया। शिविर में 278 यूनिट ब्लड यूनिट एकत्रित किया गया। शिविर में महिलाओं, युवा रक्तदाताओं ने उत्साह के साथ रक्तदान किया। पंकज सैनी ने बताया कि रक्तदान शिविर में एस. के. हॉस्पिटल ब्लड सेन्टर, गुरुकृपा ब्लड सेन्टर, शेखावाटी ब्लड सेन्टर, मित्तल ब्लड सेन्टर, गेटवेल ब्लड सेन्टर की टीमों द्वारा रक्त संग्रहण किया गया। इस मौके पर रामावतार बागडी, राकेश कटारिया, सुरेश बागडी, बनवारी गुर्जर, हिमांशु सैनी, सचिन सैनी, विनोद पवार, प्रकाश रॉयल, कमल पवार, करण सैनी, चंद्र सिंह, बंशीलाल सैनी, अमरचंद गरवा, फिरोज खान, इमरान खान, सुरेश दानोदिया, महेन्द्र नारनोलिया, किरण झीगर, सभापति जीवण खां, रतनलाल जलधारी, रतनलाल सैनी, विक्रम भादवाडी, संजय वर्मा, विकास दानोदिया, राजेश जोया, बी.एल. मील, सतेन्द्र कुडी, मोहन बाजोर, सन्नी शिवसिंहपुरा, अनिल बेरवाल, किशनसिंह अध्यापक, रमेश मलकेडा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

200 से अधिक प्रतिभाएं सम्मानित

रतनगढ़ (निसं)। केपीएस सीनियर सैकंडरी स्कूल में कक्षा 12वीं, 10वीं, 8वीं एवं 5वीं के उत्कृष्ट परिणाम देने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 200 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का सम्मान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि थानेदार सुभाषचंद्र रहे, जबकि अध्यक्षता लॉयंस क्लब अध्यक्ष प्रदीप धर्ड ने की। विशिष्ट अतिथियों में मनोज जोशी, हर्ष यादव, शिव शंकर शर्मा, प्रिंसिपल संजय कटारिया, किशोर, विवेक एवं डॉ. हीरालाल सोनी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार की ओर से सहीराम गोदारा, विजय गोदारा, रेवतराम, करण, कैलाश, ओमप्रकाश प्रजापत, विकास शर्मा, जितेंद्र एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहे। इस दौरान सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का माल्यार्पण कर साफा-दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया।संस्थान निदेशक डॉ. ओमप्रकाश गोदारा ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को ताल वाले बालाजी मंदिर में दर्शन हेतु ले जाया गया।

खतरनाक मधुमक्खियों का छत्ता बना मुसीबत

रतनगढ़ (निसं)। शहर के वार्ड नंबर 28 में सांडला भवन के सामने स्थित विद्युत जी मंदिर के पास गली में लगे एक पुराने नीम के पेड़ पर मधुमक्खियों का बडा छत्ता स्थानीय निवासियों के लिए परेशानी और खतरे का कारण बन गया है। इस संबंध में वार्डवासी नंद किशोर भार्गव ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।ज्ञापन के अनुसार, नीम के पेड पर बना विशाल छत्ता हवा चलने पर सक्रिय हो जाता है, जिससे बडी संख्या में मधुमक्खियां आसपास उड़ने लगती है। इससे क्षेत्र में रहने वाले लोगों को लगातार भय बना रहता है और आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड रहा है।स्थिति को और गंभीर बनाते हुए बताया गया कि पेड़ के बीच से विद्युत लाइन भी गुजर रही है, जिसके चलते बार-बार बिजली बाधित होने की समस्या भी सामने आ रही है। वहीं, विद्युत विभाग के कर्मचारी भी छत्ते के कारण मरम्मत कार्य करने में असमर्थता जता चुके हैं। वार्डवासियों ने पूर्व में वन विभाग को भी अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में रोष व्याप्त है।

दुष्कर्म के मुख्य आरोपी को 20 साल कठोर कारावास

झुंझुनूं (निसं)। समाज को झकझोर देने वाले नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में न्यायालय ने कड़ा संदेश देते हुए मुख्य आरोपी को कठोरतम सजा सुनाई है। विशिष्ट न्यायाधीश (पोक्सो) इसरार खोखर ने बुधवार को अपने महत्वपूर्ण फैसले में आरोपी कृष्ण कुमार को 20 वर्ष के कठोर कारावास और 50 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया। जुर्माना अदा नहीं करने की स्थिति में आरोपी को अतिरिक्त 3 माह का कारावास भुगतना होगा।

इसके साथ ही न्यायालय ने विभिन्न धाराओं में अलग-अलग सजाएं सुनाते हुए आरोपी पर कुल 1 लाख 45 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया, सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

घटना ने झकझोरा था जिला, दो बार बनाया हवस का शिकार - मामले के अनुसार, पीडिता ने 9 अगस्त 2023 को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 20 अप्रैल 2023 को आरोपी कृष्ण कुमार उसे बहला-फुसलाकर मोटरसाइकिल पर खेत में ले गया और वहां जबरन दुष्कर्म किया। आरोपी ने उसे धमकी दी कि अगर उसने किसी को बताया तो बदनाम कर देगा और जान से मार देगा। इसके बाद 2 अगस्त 2023 की रात को आरोपी ने फिर से उसे निशाना बनाया। मुंह दबाकर उसे पिकअप गाडी में डालकर बाजरे के खेत में ले जाया गया, जहां उसके साथ फिर दुष्कर्म किया गया। आरोप है कि इस दौरान अन्य आरोपी भी मौजूद थे और पीड़िता के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया।

तीन आरोपी बरी, साक्ष्यों के अभाव में मिला संदेह का लाभ - इस मामले में नामजद अन्य तीन आरोपी - सुनील, रणवीर उर्फ टिल्लू और सुंदरलाल - को न्यायालय पहले ही 18 दिसंबर 2025 को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर चुका है।

मजबूत पैरवी ने दिलाया न्याय:- राज्य पक्ष की ओर से विशिष्ट लोक अभियोजक सुरेन्द्र सिंह भाम्बू ने अदालत में 16 गवाहों के बयान और 55 दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए मामले की गंभीरता को रेखांकित किया। अभियोजन ने तर्क दिया कि यह अपराध अत्यंत जघन्य है और आरोपी को कठोरतम सजा मिलनी चाहिए। न्यायालय ने सभी साक्ष्यों का सूक्ष्म विश्लेषण करते हुए आरोपी को दोषी ठहराया और सख्त सजा सुनाई।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर) जिला हनुमानगढ़

क्रमांक :- नपाoराo/कृoभूo/2026/ 21497206 दिनांक :-08.04.2026

प्रारूप-10
नियम 6 (7) देखिए 8
लोक सूचना

चन्द्रपाल पुत्री श्री जगराज पुत्र रोनकराम जाति मेघवाल साकिन रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़(राज) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक आवासीय प्रयोजनार्थ प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :- जिला हनुमानगढ़ तहसील रावतसर ग्राम का नाम 10 ए एम के प.नं. 163/403(13) क्षेत्रफल किला नं. 6/3 की 0.1260है0, कुल 0.1260है0 यानि 1260 वर्गमीटर इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 08.04.2026 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी, (अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर)

मेधावी विद्यार्थियों का भव्य सम्मान समारोह आयोजित

नोहर, (निसं)। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को सम्मानित करने तथा विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना एवं प्रेरणा जागृत करने के उद्देश्य से कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के तत्वावधान में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन पीएम श्री विद्यालय नोहर में किया गया।

इस भव्य कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में महंत रुपनाथ उपस्थित रहे। इनके साथ प्राचार्य महेंद्र मिश्रा रहे।

इस अवसर पर नोहर ब्लॉक के राजकीय विद्यालयों के वे मेधावी विद्यार्थी, जिन्होंने कक्षा 12वीं में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की, उन्हें मंच पर सम्मानित किया गया।

अपने संबोधन में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि को उनके परिश्रम, आत्मविश्वास एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल बताते हुए कहा कि ऐसे सम्मान समारोह न केवल विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हैं, बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी उच्च लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हैं।

मुख्य अतिथि महंत रूपनाथ ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए जीवन में निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच बनाए रखने का संदेश दिया।इस अवसर पर सम्मानित विद्यार्थियों के अभिभावकगण भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिनकी आंखों में गर्व, हर्ष और राजकीय विद्यालयों के प्रति अटूट विश्वास स्पष्ट रूप से झलक रहा था। साथ ही ब्लॉक के समस्त राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकगण भी समारोह के साक्षी बने। सम्मान समारोह के उपरांत एक भव्य एवं प्रेरणादायी विजय यात्रा का आयोजन भी किया गया।

यह यात्रा पीएम श्री विद्यालय से प्रारंभ होकर बिहानी चौक, टैगोर चौक, होलिका चौक, पीपल गट्टा, बालिका विद्यालय नोहर एवं भगत सिंह चौक से होते हुए पुन: विद्यालय परिसर में संपन्न हुई। विजय यात्रा के दौरान नगरवासियों द्वारा मेधावी विद्यार्थियों का विभिन्न स्थानों पर हार्दिक स्वागत किया गया। पुष्पवर्षा, तालियों की गूंज एवं उत्साहपूर्ण अभिनंदन ने पूरे नगर को उत्सवमय बना दिया। यह दृश्य विद्यार्थियों के लिए न केवल सम्मान का प्रतीक था, बल्कि उनके आत्मविश्वास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाला भी सिद्ध हुआ।

विजय यात्रा के दौरान जलपान की उत्कृष्ट व्यवस्था में कन्हैया दायमा, राकेश, बाबूलाल , अजय सरावगी एवं सिद्धार्थ सर्राफ का विशेष योगदान रहा। इसके अतिरिक्त राकेश द्वारा ब्लॉक के शीर्ष 6 विद्यार्थियों को विशेष उपहार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। आयोजन समिति द्वारा सभी सहयोगकर्ताओं के प्रति कृतज्ञता एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

इस आयोजन ने यह संदेश सुदृढ़ किया कि शिक्षा के क्षेत्र में परिश्रम, समर्पण एवं दृढ़ संकल्प के साथ प्राप्त की गई सफलता को समाज में उच्च सम्मान मिलता है। ऐसे आयोजन न केवल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनकर शिक्षा के महत्व को और अधिक सशक्त करते हैं।

निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित

नोहर, (निसं)। तहसील के गांव गोगामेड़ी स्थित नोहर रिलीफ सोसायटी धर्मशाला में नि:शुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर आयोजित हुआ। इस शिविर में कुल 520 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 155 रोगियों को ऑपरेशन के लिए चुना गया है। शिविर स्व. परमानंद मुंदडा की स्मृति में आयोजित किया गया। इसका विधिवत शुभारंभ संस्था के स्थाई न्यासी सुरेंद्र मेहता, एडवोकेट बलदेव प्रसाद अग्रवाल, देवस्थान विभाग इंस्पेक्टर श्वेता चौधरी, भ्रमणशील चिकित्सा इकाई प्रभारी डॉक्टर पूनम और सर्जन डॉक्टर सिद्धेश गर्ग ने दीप प्रज्वलित कर किया। वक्ताओं ने संस्था के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए राजेंद्र मुंदड़ा और पवन मुंदड़ा का आर्थिक सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। संस्था के मैनेजिंग ट्रस्टी मुकेश हिसारिया ने बताया कि शिविर में 520 रोगियों की जांच की गई और 155 रोगियों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। प्रवक्ता ओम प्रकाश चौधरी ने जानकारी दी कि रोगियों की भर्ती और जांच 8 अप्रैल को की गई। चयनित रोगियों के नि:शुल्क ऑपरेशन 9 और 10 अप्रैल को भ्रमणशील शल्य चिकित्सा इकाई के अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा राजकीय चिकित्सालय भादरा में होंगे।

फुले जयंती पर शोभायात्रा निकलेगी

चूरू (निसं)। महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती के अवसर पर 11 अप्रैल को शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम को लेकर श्री देवीदास हनुमान बगीची संस्था, चूरू की कार्यसमिति की बैठक बुधवार को आयोजित हुई। बैठक में संस्था सदस्य व पूर्व मंत्री चानण मल सैनी ने बताया कि 11 अप्रैल को फुले जयंती पर विशाल शोभायात्रा निकाली जायेगी। शोभायात्रा प्रात: 9 बजे संस्था से रवाना होकर दादाबाड़ी होते हुए गायत्री नगर स्थित कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेगी। यह कार्यक्रम नेशनल ओबीसी वेलफेयर सोसाइटी ऑफ इंडिया, आदर्श छात्रावास समिति, महात्मा ज्योतिबा फुले सैनी समाज संस्था (गायत्री नगर) व श्री देवीदास हनुमान बगीची संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जायेगा। बैठक में पदाधिकारियों ने महिला व युवा शक्ति से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। इसके साथ ही 10 अप्रैल की शाम को सभी समाज के लोगों से अपने घरों में पांच दीप जलाकर महात्मा फुले के विचारों को आगे बढ़ाने का आ ान किया। इस अवसर पर गिरधारी लाल तंवर, देवकिशन सैनी, पुरुषोतम लाल गौड, महावीर प्रसाद खड़ोलिया, जगदीश प्रसाद कटारिया, एडवोकेट धनराज सैनी, पन्नालाल तंवर सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संस्था अध्यक्ष चंद्रमोहन तंवर ने किया।

जाहिर सूचना

यह सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, श्रीमती गंगा देवी शर्मा, पत्नी श्री बनवारीलाल, निवासी ग्राम मेरा मय लुहारवास, अपनी पुश्तैनी संपत्ति, जिसमें ज़मीन, मकान एवं अन्य समस्त हिस्सेदारी शामिल है, का स्वामित्व, कब्ज़ा एवं अधिकार रखती हूँ। उक्त संपत्ति ग्राम कोटड़ी (लुहारवास), तहसील-खण्डेला की आबादी भूमि की सरहद में "पुरानी गुवाड़ी" के रूप में स्थित है। उक्त आवासीय गुवाड़ी में मेरे स्वामित्व के (जो पुरखों से प्राप्त हुए है) 02 मकान बने हुए है तथा 01 मकान दूसरी तरफ बना हुआ है। इस प्रकार उक्त गुवाड़ी में मेरे स्वामित्व अधिकार के 03 मकान बने हुए है। इसके अलावा एक बाड़ा (खाली प्लाट की जगह) जो की सांवरमल सोनी एवं स्वर्गीय राधेश्याम मोदी के मकान के पीछे स्थित है। एवं दूसरा बाड़ा जो की स्वर्गीय राधेश्याम मोदी एवं जगदीश कुमावत (जानी बाबा) के मकान के पीछे स्थित है। ये दोनो भी मेरे हिस्से की जगह है। मैन चौक में मेरा दो तिहाई हिस्सा है। यह समस्त सम्पत्ति, जगह एवं मकान मेरे वैध स्वामित्व, अधिकार एवं कब्जे (Possession) में है तथा यह किसी भी प्रकार के भार (Encumbrance), ऋण, बंधक, विवाद, दावा या कानूनी बाध्यता से पूर्णतः मुक्त है। यह संपत्ति पूर्णतः फ्रीहोल्ड है एवं इस पर किसी भी प्रकार का पारिवारिक, न्यायालयीन, बैंकिंग अथवा सरकारी विवाद लंबित नहीं है। मैं उक्त संपूर्ण संपत्ति के विक्रय हेतु अनुबंधित कर रही हूँ। अतः यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी पक्ष को उक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति / दावा / अधिकार हो, तो वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 (सात) दिनों के भीतर निम्नलिखित पते पर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में यह मान लिया जाएगा कि किसी भी पक्ष को उक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति नहीं है, तथा आगे की विक्रय प्रक्रिया निर्बाध रूप से पूर्ण की जाएगी।

अधिवक्ता श्री कार्तिक सोनी (राजस्थान उच्च न्यायालय)
प्लॉट नं. 2, कार्तिक एसोसिएट्स, सतगुरु दयाल लाइब्रेरी, काव्या होटल के पास, गोविंद मार्ग, करतेवा नगर, P.S. श्याम नगर, जयपुर 302019 (M) 8949017405

कार्यालय नगरपालिका गोलूवाल, जिला-हनुमानगढ

क्रमांक/नपागो / 2026-27 / 52 दिनांक 08.04.26

:- आपत्ति सूचना :-

सर्व साधारण एवं हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कलावती पत्नी बलराम, जाति जाट निवासी वार्ड नम्बर 01 गोलूवाला निवादान तहसील पीलीबंगा, जिला हनुमानगढ़ द्वारा अपने आवासीय भूखण्ड संख्या एफ-37 का साईज 200 वर्गगज का नामान्तरण नगरपालिका गोलूवाला जारी किया गया है जिसमें से साईज 139.40 वर्गमीटर का आवासीय से वाणिज्यक परियोजन हेतु राजस्थान नगरपालिका भू-उपयोग परिवर्तन नियम 2000 के नियम 4 के तहत परिवर्तन हेतु आवेदन पत्र दिनांक 08.04.2025 को प्रस्तुत किया हैं। उक्त भूखण्ड नगरपालिका सीमा में स्थित हैं। नगरपालिका गोलूवाला में वर्तमान मे मास्टर प्लान लागू नही है।

भूमि का वर्तमान प्रयोजन	वर्तमान मास्टर प्लान में प्रस्तावित भूमि	प्रस्तावित भू-उपयोग परिवर्तन	क्षेत्रफल
आवासीय	लागू नही	आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजन	साईज 139.40 वर्गमीटर

अत: उक्त भूखण्ड के भू-उपयोग परिवर्तन के संबंध में किसी भी व्यक्ति को काई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन होने की तिथि से 07 दिन में नगरपालिका कार्यालय में कार्य दिवस में आकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात किसी प्रकार की भी आपत्तियों पर विचार नही किया जावेगा तथा नियमानुसार भू-उपयोग परिवर्तन हेतु कार्यवाही कर दी जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका गोलूवाला

कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान

क्रमांक-न.प.सु/भूमि शाखा/2026/134 दिनांक :- 06/04/2026

आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे अंकित निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा धारा 69-क व कृषि भूमि नियमन के अन्तर्गत पट्टा नियमन हेतु आवेदन किया हुआ है। उक्त के संबध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो आपत्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत करे। बाद मियाद गुजरने पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा, और इकतरफा कार्यवाही की जावेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	कस्बा	पता/ख.न.	क्षेत्रफल वर्गमीटर	आवासीय/ व्यावसायिक
01	श्रीमती मंजु एन करवा पत्नी श्री नारायण करवा व श्री नीतीन करवा पुत्र श्री नारायण करवा	सुजानगढ़	मोहल्ला रेलवे स्टेशन व ड्रीमलाईट सीनेमा के पास वार्ड न.48	1166.38	मिश्रित
02	श्रीमती बबीता बेन पोदार पत्नी श्री सुनील कुमार	सुजानगढ़	2106/1651	961.79	मिश्रित
03	श्रीमती लक्ष्मी पत्नी रघुवीर महेश्वरी	सुजानगढ़	1499	178.72	आवासीय

आयुक्त, नगर परिषद् सुजानगढ़